प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 04.09.2026 समय : 01:00 पी.एम.

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसएलवी–एफ17 के सफल प्रक्षेपण पर इसरो को बधाई दी है। श्री मोदी ने कहा कि यह सफलता भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र की उत्कृष्टता, नवाचार और बढ़ती क्षमताओं को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि इसरो और भारतीय उद्योग के बीच बढ़ती साझेदारी से देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ताकत और विस्तार मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने इसे इसरो की शानदार उपलब्धि और देश के लिए गर्व का क्षण बताया। गौरतलब है कि इसरो ने आज सुबह श्रीहरिकोटा से जीएसएलवी–एफ17 के जरिये पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस–05 का सफल प्रक्षेपण किया है।

00000

प्रदेश में नगर निकाय आम चुनाव में कल नाम वापसी के बाद अब तस्वीर साफ हो गई है। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार शेष प्रकिया के तहत आज चुनाव चिन्हों का आंवटन किया जा रहा है। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने बताया कि चुनाव में पर्यवेक्षण कार्य दो चरणों में किया जाएगा। पहले चरण का पर्यवेक्षण 7 से 14 सितंबर तक और दूसरे चरण का पर्यवेक्षण 21 से 22 सितंबर तक होगा।

0000

जन्माष्टमी के अवसर पर आज प्रदेशभर में **'हाथी घोडा पालकी जय कन्हैया लाल की'** की गूंज सुनाई दे रही है। जयपुर के आराध्य गोविंद देवजी मंदिर सहित सभी छोटे बडे कृष्ण मंदिरों में विशेष झांकियां सजायी गयी है। कई स्थानों पर कृष्ण और राधा की बाल झांकिया निकाली जा रही है। घरों में भी झांकी सजाकर श्रद्धालु भजन और सत्संग कर रहे है। प्रदेश के अन्य जिलों में भी श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं को दर्शाती हुई झांकियां निकाली जा रही है। श्रद्धालुओं की उमडती भीड को देखते हुए प्रशासन ने मंदिरों में सुरक्षा और व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए है। साथ ही यातायात के भी पुख्ता प्रबंध किए गए है। जन्माष्टमी के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की लीलाएं और संदेशों से भारतीय संस्कृति और दर्शन में जीवंतता आती है। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने कहा कि भगवान कृष्ण का जीवन और संदेश मानवता को सत्य, धर्म, कर्तव्य और सदाचार के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जन्माष्टमी पर सभी के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और शक्ति का संचार होने की कामना की। इधर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी प्रदेशवासियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन आत्मा के उजास का पर्व है। श्री कृष्ण के कर्मयोग से शिक्षा लेते हुए हमे हमारे देश और प्रदेश की तरक्की के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

00000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से कल राष्ट्रीय सेवा योजना–एनएसएस के राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त विद्यार्थियों ने मुलाकात की। एनएसएस के राज्य दलनायक डॉ. विवेक कुमार की अगुवाई में लोकभवन में ये भेंट की गई। इस दौरान श्री बागड़े ने विद्यार्थियों को राष्ट्र प्रथम की सोच से काम करने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने एनएसएस की गतिविधियों के बारे में भी जानकारी ली।

00000

गवर्नमेंट ई–मार्केटप्लेस–जीईएम और टेक्सटाइल्स कमेटी ने रीसाइकल और अपसाइकल किए गए टेक्सटाइल्स की खरीद को बढ़ावा देने के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। यह पहल सरकारी खरीद के जरिए प्री– और पोस्ट–कंज्यूमर टेक्सटाइल वेस्ट, स्क्रैप और पुराने कपड़ों से बने रीसाइकल और अपसाइकल किए गए उत्पादों को बढ़ावा देगी, जिससे सर्कुलर टेक्सटाइल इकॉनमी में कंपनियों के लिए बाजार के नए अवसर पैदा होंगे। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि यह एमओयू वेस्ट–टू–वैल्यू–टू–मार्केट इकोसिस्टम बनाएगा, जिससे टेक्सटाइल वेस्ट, स्क्रैप और पुराने कपड़ों को अच्छी क्वालिटी वाले वैल्यू–एडेड उत्पादों में बदला जा सकेगा।

0000

प्रदेश में एक बार फिर मानसून सक्रिय नजर आ रहा है। कल कई जिलों में हुई तेज बारिश के बाद आज भी मौसम विभाग ने 24 जिलों में तेज बरसात का अलर्ट जारी किया गया है। जयपुर और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से घने बादल छाए हुए हैं और रुक–रुककर हल्की वर्षा हो रही है। विभाग के अनुसार भरतपुर, जयपुर, बीकानेर, अजमेर और कोटा संभाग के अनेक इलाकों में बारिश के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि बरसात का यह दौर रविवार तक जारी रह सकता है।

00000